हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

प्रेषक,

सचिव
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड
भिवानी।

प्रेषित,

हरियाणा प्रदेश के सभी राजकीय/गैर–राजकीय विद्यालयों के सभी प्रधानाचार्य/मुखिया।

दिनांकः– 02/06/26

क्रमांक :– 726 /शैक्षिक/ए–7

विषयः प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (PMRBP)–2026 हेतु ऑनलाइन नामांकन के संबंध में।

उपरोक्त विषय के संदर्भ में अवगत करवाया जाता है कि भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (PMRBP)–2026 हेतु ऑनलाइन नामांकन/अनुशंसाएँ आमंत्रित की गई है।

यह पुरस्कार 18 वर्ष से कम आयु के उन विद्यार्थियों को प्रदान किया जाता है जिन्होनें वीरता, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियाँ एवं योगदान प्रदर्शित किया हो। संबंधित पुरस्कार हेतु दिनांक 01.04.2026 से 31.07.2026 तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in पर नामांकन किया जा सकता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ विद्यालय के और आसपास के ऐसे विद्यार्थियों विशेषतः लड़कियाँ, कमजोर वर्ग तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति में, जिन द्वारा सार्वजनिक सेवा के दृष्टिगत बहादुरी का कार्य किया गया है के नाम की सिफारिश करें। इसके अतिरिक्त उक्त पुरस्कार बारे सभी संबंधित विद्यार्थियों को अवगत करवाने का कष्ट करें, ताकि अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त कर सकें।

02/06/26.

सहायक सचिव (शैक्षिक)
कृतेः सचिव